दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 08 जुलाई 2022
www.nyaysakshi.com


संपादकीय

# चीन का अविश्वास

चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है। स्पष्टतः किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की समस्याग्रस्त सोच है।

बेहतर तो यह होता कि चीन इस प्रश्न पर विचार करता कि पाकिस्तान जैसे उसके दोस्त देश में उसकी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को लेकर विरोध भाव क्यों फैलता जा रहा है? चीन इन्हें सबके फायदे के प्रोजेक्ट बताता है। लेकिन जिन लोगों के कथित लाभ के लिए उन्हें निर्मित किया जा रहा है, आखिर वे उससे क्यों खफा हैं? लेकिन इस पर विचार करने के बजाय वह अब पाकिस्तान में अपने सुरक्षा बल तैनात करना चाहता है। फिलहाल, पाकिस्तान गहरे आर्थिक संकट में है। चीन और सऊदी अरब ही दो ऐसे देश हैं, जो इस मौके पर उसकी मदद के लिए सामने आए हैं। इसलिए पाकिस्तान चीनी मंशा को कब तक ठुकरा पाएगा, कहना मुश्किल है। लेकिन किसी अन्य देश की क्षमता पर अविश्वास करते हुए वहां अपनी परियोजनाओं को आगे बढ़ाना चीन की एक समस्याग्रस्त मानसिकता है। एक वेबसाइट की एक खास रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने पाकिस्तान में मौजूद अपने नागरिकों की रक्षा का भार किसी चीनी एजेंसी को देने की मंशा जताई है।

गौरतलब है कि हाल में पाकिस्तान में कई चीन की परियोजना वाले कई ठिकानों पर हमले हुए हैं। उनमें चीनी नागरिकों की मौत भी हुई है। अभी आई खबर के मुताबिक चीन के अनुरोध को फिलहाल पाकिस्तान सरकार ने स्वीकार नहीं किया है। लेकिन चीन ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान सरकार पर दबाव बना रखा है। चीन की महत्त्वाकांक्षी योजना बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत पाकिस्तान एक महत्त्वपूर्ण ठिकाना है। वहां चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया है। लेकिन हाल में चीनी प्रोजेक्ट वाले इलाकों की जनता में चीन विरोधी भावनाएं बढ़ने के संकेत मिले हैं। बलूचिस्तान में इसको लेकर आंदोलन भी हुआ है। चीनी ठिकानों पर हुए आतंकवादी हमलों को इसी सिलसिले का हिस्सा माना गया है। जबकि आम समझ है कि अगर चीनी सुरक्षा एजेंसियों की तैनाती हुई, तो चीन के प्रति जनता में विरोध भाव और बढ़ेगा। खास कर ऐसा बलूचिस्तान में होगा, जहां पहले से ही चीन विरोधी भावनाएं प्रबल हैं। बेहतर होगा कि चीन इन भावनाओं को समझने की कोशिश करे। वरना, उसके सुरक्षाकर्मी तैनात हो गए, तब भी वे दोषमुक्त सुरक्षा दे पाएं, यह संभव नहीं है।

# वाहनों के लिए ईंधन खपत मानकों का पालन करना अनिवार्य, केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली ।** प्रदूषण को कम करने और ईंधन खपत के मामले में ज्यादा कुशल वाहनों को पेश करने के मकसद से भारत सरकार ने वाहनों के लिए ईंधन खपत मानकों के पालन को अनिवार्य बनाने का फैसला किया है। सरकार ने इसे लेकर एक अधिसूचना भी जारी कर दी है। सरकार ने 1 अप्रैल, 2023 से भारत में निर्मित या आयातित विभिन्न श्रेणियों के हल्के, मध्यम और भारी वाहनों के लिए ईंधन खपत मानकों के पालन करने को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव किया है।

केंद्रीय सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 1 जुलाई 2022 को भारत में निर्मित या आयातित विभिन्न श्रेणियों के हल्के, मध्यम और भारी वाहनों के लिए ईंधन खपत मानकों-एफसीएस को लेकर अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के मुताबिक, भारत में निर्मित या आयातित विभिन्न श्रेणियों के हल्के, मध्यम और हैवी ड्यूटी मोटर वाहनों के लिए ईंधन खपत मानकों-एफसीएस के अनुपालन को शामिल करने के लिए केन्द्रीय मोटर वाहन नियम-सीएमवीआर 1989 के नियम 115 जी में संशोधन किया गया है। मोटर वाहन उद्योग मानक 149 में उल्लिखित उत्पादन की अनुकूलता की प्रक्रिया के अनुसार एफसीएस का निरंतर अनुपालन सत्यापित किया जाएगा।

इस अधिसूचना से पहले, वार्षिक ईंधन खपत मानक का अनुपालन 3.5 टन तक सकल वाहन भार के साथ एम1 श्रेणी के मोटर वाहनों (यात्रियों को ले जाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला मोटर वाहन, जिसमें चालक की सीट के अलावा 8 से अधिक सीटें शामिल नहीं हैं) तक सीमित था। इस अधिसूचना का उद्देश्य एफसीएस के अनुपालन के लिए वाहनों के दायरे का विस्तार करना है, और इसलिए अधिक ईंधन कुशल वाहनों को पेश करना है।

सरकार द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि, इस अधिसूचना के लागू होने की तिथि 1 अप्रैल 2023 है। अधिसूचना जारी करने की तिथि से 30 दिनों के भीतर सभी हितधारकों से इस पर उनके सुझाव या टिप्पणियां मांगी गई है।

# शेयर बाजार में बढ़त के साथ कारोबार की हुई शुरुआत



**मुंबई ।** शेयर बाजार में गुरुवार को बढ़ोतरी के साथ कारोबार की शुरुआत हुयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 395.71 अंकों की उछाल लगाकर 54,146.68 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.75 अंक बढक़र 16,107.55 अंक पर खुला। हरे निशान के साथ खुले शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बढ़ोतरी दिखी।

बीएसई का मिडकैप 116.88 अंक चढक़र 22,462.94 अंक और स्मॉलकैप 131.07 अंक की बढ़त के साथ 25,370.75 अंकों पर खुला।गौरतलब है कि बुधवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 616.62 अंकों की उछाल लेकर 53750.97 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 178.95 अंकों की बढ़त के साथ 15989.80 अंक पर रहा था।

# वेस्टइंडीज दौरे में शिखर धवन होंगे भारत के कप्तान

**मुंबई ।** भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम की घोषणा कर दी गई है. भारत के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को कप्तान बनाया गया है। शिखर धवन को इंग्लैंड दौरे के लिए तीन वनडे और तीन टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया था। हालांकि उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे टीम का कप्तान बनाया गया है। भारत 22 जुलाई से वेस्टइंडीज दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगा। इंग्लैंड दौरे के तुरंत बाद शुरू होने वाली सीरीज को देखते हुए बीसीसीआई ने भारतीय वनडे टीम के सीनियर खिलाडिय़ों को आराम देने का फैसला किया है। इसलिए भारत की नई टीम वेस्टइंडीज के दौरे पर जाएगी। भारत के अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन को टीम की कमान सौंपी गई है। रवींद्र जडेजा को उपकप्तान चुना गया है। बीसीसीआई ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह को भी आराम दिया है।

# ईडी ने तेज की छापेमारी तो वीवो कंपनी के दोनों डायरेक्टर देश छोड़कर भागे




**नई दिल्ली ।** वीवो इंडिया के डायरेक्टर झेंगसेन ओ और झैंग जी देश छोडक़र चले गए हैं। दरअसल जिस तरह से प्रवर्तन निदेशालय ने इस चीनी कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच तेज की उसके बाद कंपनी के डायरेक्टर देश छोडक़र चले गए हैं। सूत्रों के अनुसार ईडी ने इस मामले में 40 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसके बाद कंपनी के डायरेक्टर्स देश छोडक़र चले गए। बता दें कि मंगलवार को सीबीआई ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दक्षिण के राज्यों में कंपनी के 40 ठिकानों पर छापेमारी थी। इसके अलावा आयकर विभाग ने भी कंपनी पर पैनी नजर बनाए हुए है।

ईडी ने यह छापेमारी पीएमएल के उल्लंघन के तहत की है। सूत्रों ने बताया कि वीवो मोबाइल कम्युनिकेश के स्थानीय ठिकाने भी ईडी की राडार में हैं, इनपर वित्तीय अनियमितता का आरोप है। कॉर्पोरेट अफेयर मंत्रालय कंपनी द्वारा किए गए कथित फर्जीवाड़े को गंभीरता से ले रहा है। बता दें कि इस साल अप्रैल माह में कंपनी के खिलाफ जांच की शुरुआत की गई थी। कंपनी द्वारा कथित वित्तीय अनियमितता के चलते यह जांच शुरू की गई थी।

वहीं इस पूरे मामले में चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजान की ओर से कहा गया है कि हमे उम्मीद है कि भारतीय एजेंसी जांच में कानून का पालन करेंगी, साथ ही सही और न्यायपूर्ण फैसला देंगी, इस दौरान चीनी कंपनियों के साथ किसी भी तरह का कोई भेदभाव भारत में नहीं किया जाएगा। चीनी पक्ष इस पूरे मामले पर करीब से नजर बनाए हुए है। चीनी सरकार ने हमेशा ही चीनी कंपनियों से कहा है कि वह स्थानीय नियम, कानून का पालन करें जब भी देश से बाहर वह बिजनेस करें। हम चीनी कंपनियों की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकार के हितों के पूरी तरह से पक्ष में हैं।

# एजबेस्टन टेस्ट नहीं खेलने का रोहित शर्मा को मलाल, बोले- बहुत मुश्किल था बाहर बैठकर मैच देखना




**नईदिल्ली ।** भारतीय टीम को एजबेस्टन टेस्ट में मिली हार के बाद सीरीज को 2-2 से बराबरी पर खत्म करना पड़ा. इस टेस्ट से पहले टीम इंडिया 2-1 की बढ़त के साथ यहां सीरीज जीत के करीब दिख रही थी. अगर भारत इस टेस्ट को ड्रॉ भी करा लेता तो वह 2007 से बाद पहली बार इंग्लैंड में कोई सीरीज जीत पाता. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया.


कप्तान रोहित शर्मा ने भी इस महत्वपूर्ण मैच में न खेल पाने पर अफसोस जताया. उन्होंने टी20 सीरीज की शुरुआत से पहले मीडिया से बात करते हुए इस मैच में अपनी गैर-मौजूदगी पर भी जवाब दिया.

भारतीय कप्तान ने कहा, 'साइडलाइन में रहकर मैच देखना बहुत मुश्किल था. यह कभी भी बहुत आसान परिस्थिति नहीं होती, जब आप कोई मैच मिस करते हो. खासतौर से तब जब ऐसा महत्वपूर्ण खेल हो. लेकिन कुछ चीजों पर आपका बस नहीं चलता है वे आपके नियंत्रण में नहीं होती हैं.'

उन्होंने अपने कोविड के लक्षणों के बारे बताते हुए कहा, 'पहले एक-दो दिन तो मैंने बहुत संघर्ष किया. मैं खड़ा भी नहीं हो पा रहा था. लेकिन अब मैं खुश हूं कि अब मैं अपने पैरों पर खड़ा हो गया हूं. अब मैं बिल्कुल ठीक और स्वस्थ हूं और अब मैं टी20 आई सीरीज और इसके बाद होने वाली वनडे सीरीज में अच्छा करने की कोशिश करूंगा.'

बता दें पिछले साल स्थगित हुए इस टेस्ट को इस साल 1 से 5 जुलाई के लिए रिशेड्यूल किया गया था. इस टेस्ट मैच में रोहित शर्मा और गैर-मौजूदगी के चलते युवा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने कप्तान की भूमिका निभाई थी. भारतीय टीम पहले 3 दिन इंग्लैंड पर हावी थी लेकिन इसके बाद दूसरी पारी में खराब बल्लेबाज के चलते वह सिर्फ 245 रन ही बना पाई, जबकि पहली पारी के आधार पर उसने 132 रन की बढ़त हासिल की थी. इंग्लैंड ने मैच की चौथी पारी में अविश्वसनीय खेल दिखाते हुए 378 रनों का विशाल लक्ष्य 7 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया और यह सीरीज 2-2 से बराबर कर दी.

# अपने 41वें बर्थडे पर लंदन पहुंचे एमएस धोनी, फ्रूट केक काट सेलीब्रेट किया बर्थडे



**नईदिल्ली ।** तीन-तीन आईसीसी खिताब जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान एमएस धोनी गुरुवार को अपना 41वां जन्मदिन सेलीब्रेट कर रहे हैं. इस बार धोनी अपना यह बर्थडे भारत में नहीं बल्कि इंग्लैंड में मना रहे हैं. आज बर्थडे की शुरुआत होते ही उन्होंने अपने करीबी दोस्तों के साथ फ्रूट केक काटा. धोनी की पत्नी साक्षी ने उनके इस सेलीब्रेशन का एक वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जो खूब वायरल हो रहा है.


धोनी और साक्षी इस सप्ताह की शुरुआत में लंदन पहुंचे थे, तब उनकी एक तस्वीर खूब वायरल हो रही थी. दरअसल धोनी की शादी की 12वीं सालगिरह भी तीन दिन पहले ही 4 जुलाई को थी और धोनी ने इस बार अपने दोनों खास दिन लंदन में मनाने की प्लानिंग कर ली. उन्होंने अपने बर्थडे पार्टी मनाई तो उनकी पत्नी साक्षी ने इंस्टाग्राम रील पोस्ट की जिसमें धोनी की इस पार्टी की खास झलकियां शेयर की गई हैं.

धोनी ने अपने बर्थडे के मौके पर एक खास स्टायलिश जैकेट और ग्रे पैंट पहनी हुई है. वह केक काटते हुए मोमबत्तियां बुझा रहे हैं. इस केक पर धोनी का नाम भी लिखा हुआ है.

धोनी की इस बर्थडे पार्टी में टीम इंडिया के युवा स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भी मौजूद थे, जिन्हें भारतीय क्रिकेट में धोनी का उत्तराधिकारी माना जाता है. साक्षी ने धोनी की इस बर्थडे पार्टी की एक तस्वीर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी शेयर की है, जिसमें उनके सभी दोस्तों के साथ ऋषभ पंत भी नजर आ रहे हैं.

धोनी इन दिनों सिर्फ आईपीएल में अपनी कप्तानी और अपने खेल का जलवा बिखेर रहे हैं, साल 2020 में उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. इसके बाद से ही लगातार आईपीएल से भी उनके संन्यास की अटकलें लगती रही हैं. लेकिन चेन्नई को चार बार चैंपियन बनाने वाले धोनी ने अब तक सभी को गलत साबित किया है.

# सलमान खान के साथ नो एंट्री-2 में नजर आ सकती हैं सामंथा रुथ प्रभु!



टॉलीवुड फिल्म एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु द फैमिली मैन 2 और अल्लू अर्जुन स्टारर फिल्म पुष्पा के डांस नंबर उ अंटावा की जबरदस्त सफलता के बाद एक बार फिर से हिन्दी दर्शकों को रोमांचित करने जा रही हैं। बताया जा रहा है कि सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपनी पहली पैन इंडिया फिल्म यशोदा के साथ हिन्दी दर्शकों से रू-ब-रू होने की तैयारी में हैं, वहीं दूसरी ओर वे सलमान खान के साथ अनीस बज्मी के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म नो एंट्री-2 में भी नजर आने वाली हैं। अपने पति नागा चैतन्य को तलाक देने के बाद एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने काम पर फोकस कर रही हैं। ताजा जानकारी के मुताबिक सुपरस्टार सलमान खान की आने वाली कॉमेडी जौनर की फिल्म नो एंट्री 2 में अदाकारा सामंथा रुथ प्रभु की एंट्री हो सकती है। मिली जानकारी के मुताबिक इस फिल्म के लिए साउथ सिनेमा की 4 बड़ी अदाकाराओं के नाम पर चर्चा चल रही है। जिसमें सामंथा रुथ प्रभु, रश्मिका मंदाना , पूजा हेगड़े और अदाकारा तमन्ना भाटिया का नाम सामने आया है। फिल्म से जुड़े एक करीबी सूत्र ने बॉलीवुड लाइफ को बताया है कि इन चारों को ही फिल्म नो एंट्री 2 में कास्ट किया जा सकता है।

# साची तिवारी एण्डटीवी के 'बाल शिव' में निभायेंगी सुमति का किरदार



एण्डटीवी के 'बाल शिव' में सुमति की भूमिका निभाने पर बात करते हुए उन्होंने कहा, ''सुमति एक मासूम लडक़ी है और वह महासती अनुसुइया के गुरूकुल के अध्यापकों विद्याधर और सुलोचना की बेटी है। दर्शक सुमति और महासती अनुसुइया के बीच अनोखा रिश्ता देखेंगे।

एण्डटीवी के शो 'बाल शिव' में जल्दी ही एक नई एंट्री होने वाली है। कई लोकप्रिय टेलीविजन शोज में काम कर चुकीं साची तिवारी इस शो में सुमति का किरदार निभाएंगी। सुमति विद्याधर और सुलोचना की बेटी है। वह महासती अनुसुइया, यानि मौली गांगुली का पुरजोर समर्थन करेगी। संयोग से, साची एण्डटीवी के 'बाल शिव' में मुख्य भूमिका निभा रहे आन तिवारी की बड़ी बहन भी हैं।

# आज का राशिफल

***मेष :*** दिन अच्छा रहेगा। राजकाज में संघर्ष होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। दैनिक रोजगार नियमित रहेगा।

***वृष :*** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा। संतान द्वारा सहयोग मिलेगा।

***मिथुन :*** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। निर्माण में प्रगति होगी।

***कर्क :*** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। साझेदारी से लाभ होगा।

***सिंह :*** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। राजकाज में सफलता मिलेगी।

***कन्या :*** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी। धन का लाभ मिलेगा। राजकाज में सफलता मिलेगी।

***तुला :*** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा।

***वृश्चिक :*** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होंगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। परिवार की समस्या रहेगी। प्रतिष्ठा का लाभ होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

***धनु :*** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा।

***मकर :*** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

***कुंभ :*** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

***मीन :*** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा।

# काले चने से तैयार करें टेस्टी कटलेट्स



काले चने की सब्जी खाने के बाद अगर बच गई है तो उससे आप तैयार कर सकते हैं लाजवाब कटलेट्स। इसका स्वाद लाजवाब होता है जिसे आप मसालेदार चाय के साथ कर सकते हैं एंजॉय।

## सामग्री :

1 कप काला चना, 1/2 कप प्याज बारीक कटा हुआ, 1-2 हरी मिर्च कटी हुई, 2 टेबलस्पून शिमला मिर्च कटी हुई, 1/2 टीस्पून अदरक कद्दूकस किया, 2 टेबलस्पून हरा धनिया, 1 टीस्पून लाल मिर्च, 1 टीस्पून हल्दी, 1/4 टीस्पून अमचूर, स्वादानुसार सफेद-काला नमक, 1 टेबस्पून मैदा, डेढ़ टेबलस्पून बेसन, डेढ़ टेबलस्पून कॉर्न फ्लोर, टेबलस्पून ब्रेड क्रम्ब्स, तेल

## विधि :

- चने को 7-8 घंटे भिगोकर उबालें और पानी छानकर दरदरा पीस लें।
- पैन में एक टीस्पून तेल गरम करें। उसमें प्याज पारदर्शी होने के बाद कटी शिमला मिर्च, नमक डालें और दरदरे चने मिलाकर चलाएं।
- इसमें नमक डालकर अलट-पलट करें और गैस बंदकर मसाला ठंडा होने दें।
- अब इसमें हल्दी, हरी मिर्च, धनिया, लाल मिर्च, अमचूर, दोनों नमक, बेसन व कॉर्न फ्लोर मिलाकर एकसार करें और मनपसंद शेप दें।
- एक प्लेट में मैदे में पानी मिलाकर घोल बनाएं और दूसरी प्लेट में ब्रेड क्रम्ब्स फैला लें।
- कटलेट को घोल में डिप करने के बाद ब्रेड क्रम्ब्स लपेटें और तेल में ब्राउन होने तक शैलो फ्राई करें।
- सॉस और चटनी के साथ सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 126

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 125 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | | फा | य | दा | | स |
| प | | ल | ला | ट | | य | ती | म |
| ति | ल | क | | क | न | क | | झ |
| | क्ष | | | | रे | | | |
| ग | ण | क | | सं | श | य | | सौ |
| ह | | या | च | क | | म | न्त | त |
| रा | क्ष | स | | र | क्ष | क | | न |
| | त्रि | | | | मि | | | |
| शा | य | री | | का | त | र | | गो |

# सू-दोकू- 126

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.125 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |